HGH INDIA® 2019
HOME DECOR ▪▪▪ GIFTS ▪▪▪ HOUSEWARE
JULY 2-4, 2019 MUMBAI, INDIA
NEWS 3
A TEXZONE Event
Where business feels at home!

# हाउसवेयर का ३०% की दर से विकास

भारत में हाउसवेयर की मांग में पिछले सालों के दौरान लगातार २०-२५% के बीच बढ़ोतरी हुई है। इस श्रेणी के प्रोडक्ट्स के संबंध में भारतीय उपभोक्ताओं की पसंद में काफी बदलाव हो रहा है, क्योंकि वे लोग हेल्दी कुकिंग, हेल्दी लिविंग, इंटरनेशनल लाइफ़स्टाइल, बेहतर डिजाइन, सुविधा और समय की बचत जैसे कारकों से बहुत ज़्यादा प्रभावित हुए हैं। भारत में हाउसवेयर मार्केट बड़ी तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है, जिसमें न केवल बड़ी संख्या में इंटरनेशनल ब्रांड्स मैदान में उतर रहे हैं, बल्कि कई प्रगतिशील भारतीय ब्रांड्स भी पारंपरिक तौर पर सिंगल प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों से हाई-प्रोफ़ाइल, मल्टी-प्रोडक्ट हाउसवेयर कंपनियों के तौर पर अपनी छवि को सफलतापूर्वक बदलने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं।



बोरोसिल

एचजीएच इंडिया २०१९ में भारत, जर्मनी, इटली, यूएसए, चीन, तुर्की, यूएई और कई अन्य देशों के भारतीय एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स के कई निमाताओं इंपोर्टर्स कुकवेयर, किचनवेयर, किचन अप्लायंसेज, किचन टूल्स, स्टोरेज, सेरामिक एंड ग्लासवेयर, टेबलवेयर, स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स, मेलएमीन, क्रॉकरी एंड डिनरवेयर, क्लीनिंग एवं मेंटेनेंस तथा जनरल हाउवेयर जैसे कैटेगरी में अपने प्रोडक्ट्स के साथ मौजूद होंगे, जिसकी वजह से इस बार हॉल ३ में हाउसवेयर सेक्शन का काफ़ी विस्तार हुआ है।

इस बार बोरोसिल, फ्रीलांस, क्ले क्राफ्ट, एफएनएस, कोरेल, रोक्स, विनोद, सुपरवेयर, राज एजेंसीज़ और नोल्टा जैसे बेहद मशहूर ब्रांड्स के अलावा एलिमेंट्री, रतन, पॉलीसेट, सिगनोरावेयर, यूनाइटेड एकता, ओके कुकवेयर, मेट्रो सेरामिक्स जैसे पहली बार शामिल होने वाले ब्रांड्स की ओर से विज़िटर्स को कई नए प्रोडक्ट्स, नए-नए डिजाइन और अलग-अलग वैरायटी देखने को मिलेंगे।

**किचनवेयर एंड किचन टूल्स:** भारत के लोग जैसे-जैसे अपने किचन में अधिक शहरी और इंटरनेशनल कुकिंग स्टाइल को अपना रहे हैं, उनके द्वारा इनोवेटिव किचनवेयर एवं किचन टूल्स के वाइड रेंज का उपयोग भी उसी दर से बढ़ रहा है। यहां के उपभोक्ताओं की पसंद में बदलाव के साथ तालमेल बरकरार रखने के लिए भारतीय रिटेलर्स के लिए भी अपने स्टोर में ऐसे प्रोडक्ट्स को लाना जरूरी हो गया है। केवल उपभोक्ताओं की बदलती मांग को पूरा करके ही वे अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे रह पाएंगे।



एलिमेंट्री

एचजीएच इंडिया २०१९ की ओर से ऐसे विज़िटर्स के लिए हॉल ३ में विभिन्न प्रकार के सॉल्यूशंस उपलब्ध कराए गए हैं, जो बेहतर क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स की सोर्सिंग, आसान फंगक्शनैलिटी, संचालन में सुविधा, अच्छे डिजाइन तथा किचनवेयर एवं किचन टूल्स के ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की बढ़ती पसंद की तलाश कर रहे हैं। इस श्रेणी के प्रदर्शन में इंडियन एवं इंटरनेशनल ब्रांड व निर्माताओं के अलावा पूरे भारत के इंपोर्टेंट और डिस्ट्रीब्यूटर भी शामिल होंगे, जो प्रोडक्ट्स की वाइड रेंज को प्रस्तुत करेंगे।

यहां रेन कुर्टज, जोसेफ जोसेफ, प्रोकोन, और रेंगा जैसे मशहूर इंटरनेशनल ब्रांड्स के अलावा ग्लेयर, एपेक्स, शेफील्ड, वासवी, सिनर्जी, होमकेयर, ग्रेसी जैसे इंडियन ब्रांड्स की ओर से स्लाइसर्स, नाइव्स, पिलर्स, ग्रेटर्स, चॉपर, कटिंग एंड चॉपिंग बोर्ड, क्रशर, स्ट्रेनर्स, बॉटल ओपनर्स, सीजर्स, टिन कटर्स, नट क्रैकर्स, लाइटर्स, स्पाइस ग्राइंडर्स, लेमन स्क्विजर्स, वेइंग स्केल, थर्मोमीटर्स, और टाइमर जैसे मॉडर्न किचन टूल्स एवं किचन वेयर उपलब्ध कराए जाएंगे। हॉल ३ के झेजियांग पवेलियन में

# होम टेक्सटाइल्स, होम डेकर, हाउसवेयर तथा गिफ्ट्स का एक पर्यावलोकन


मेयर

चीन के तीन एक्ज़ीबिटर्स इस रेंज को प्रस्तुत करेंगे।

**कुकवेयर:** आजकल भारतीय बाजार में बिकने वाले कुकवेयर बड़ी तेजी से भारतीय उपभोक्ताओं के लाइफ़स्टाइल को दर्शाने लगे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सुविधा, आराम तथा होम फैशन ट्रेंड्स से प्रेरित भारतीय उपभोक्ता भी अब बेहतर क्वालिटी एवं इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप निर्मित प्रेशर कुकर, फ्राइंग पैन, किचन अप्लायंसेज़ और कुकवेयर की पूरी रेंज की मांग कर रहे हैं। लोग बड़ी तेजी से ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को अपना रहे हैं, और इसी कारणवश आजकल रिटेलर्स बेहतर परफॉर्मेंस को सुनिश्चित करने वाले मशहूर इंडियन एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स को अपने स्टॉक में शामिल कर रहे हैं।

मेइयर, बर्गनर, कॉर्कमाज़, विनोद स्टील, यूनाइटेड एकता, ओके कुकवेयर, स्थाल, महाराजा, बोरोसिल, ब्रिलिएंट, नोल्टा, एवन, जगदंबा, भालारिया, सम्राट एवं ग्लेयर जैसे ब्रांड्स की ओर से सिरेमिक कोटेट और इंडक्शन कुकिंग से लेकर मल्टी लेयर, नॉन-स्टिक एवं स्टेनलेस स्टील कुकवेयर जैसे प्रोडक्ट्स रेंज में कई तरह के इनोवेशन प्रस्तुत किए जाएंगे। एचजीएच इंडिया-२०१९ में कई जाने-माने इंडियन एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स की ओर से स्टीमिंग, ग्रिलिंग, रोस्टिंग, बेकिंग, वॉक फ्राइंग, शैलो फ्राइंग और डीप फ्राइंग जैसे प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज की पेशकश की जाएगी।

इसके अलावा, रूस के एक कुकवेयर निर्माताओं तथा चीन के योंगकांग गंगहाओ किचन प्रोडक्ट्स और योंगकांग हूइकान इंडस्ट्री सहित छह कुकवेयर निर्माताओं की ओर से प्रोडक्ट्स की वाइड रेंज को पेश किया जाएगा, जो हॉल ३ में झेजियांग ब्रॉड के चीन पवेलियन में उपलब्ध होंगे।

**किचन अप्लायंसेज़:** भारतीय उपभोक्ता बड़ी तेजी से मॉडल एवं अर्बन लाइफ़स्टाइल को अपना रहे हैं तथा युवा दंपतियों के बीच पति-पत्नी, दोनों नौकरी करने वाले होते हैं, इसी वजह से उनके जीवन में किचन अप्लायंसेज़ की भूमिका बेहद अहम होती जा रही है। हेल्दी कुकिंग, हेल्थ एवं हाइजीन, समय की बचत, सुविधा, फूड प्रोसेसिंग में आसानी, इत्यादि ऐसे प्रमुख कारक हैं जो भारतीयों को बड़े पैमाने पर किचन अप्लायंसेज़ खरीदने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

वाटर प्यूरीफायर्स, स्टीमर्स, टी केटल्स और कॉफ़ी मेकर से लेकर मिक्सर, हैंड ब्लेंडर्स, ग्राइंडर्स, जूसर, टोस्टर, सैंडविच मेकर, माइक्रोवेव अवन, इंडक्शन स्टोव, कुकिंग रेंज, फूड वार्मर, राइस कुकर, इलेक्ट्रिक अवन एंड ग्रिल्स, तथा आइसक्रीम मेकर जैसे मॉडर्न किचन अप्लायंसेज़ एवं ऑटोमेशन आजकल भारतीय घरों, ख़ासकर किचन का बड़ी तेजी से हिस्सा बन रहे हैं।

मार्केट में कुकवेयर और किचन अप्लायंसेज़ के बीच बढ़ते तालमेल के इस ट्रेंड को स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। इसका मतलब यह है कि कुकवेयर के ज़्यादातर ब्रांड अब किचन अप्लायंसेज़ की पूरी रेंज को भी मार्केट में उतार रहे हैं। आजकल किचन अप्लायंसेज़ की बिक्री केवल किचन अप्लायंसेज़ के स्पेशलाइज़्ड स्टोर अथवा हाउसवेयर स्टार्स तक सीमित नहीं है, क्योंकि अब उपभोक्ता ऐसे प्रोडक्ट्स को कंपलीट होम सॉल्यूशंस स्टोर्स से खरीदना पसंद करते हैं। इनकी बिक्री में अलग-अलग कलर, डिजाइंस एवं फंक्शनल इनोवेशन की भूमिका बढ़ गई है तथा ये चीजें ड्युरेबिलिटी एवं क्वालिटी से ज्यादा महत्वपूर्ण हो रही हैं। इसलिए हाइपर मार्केट, होम स्टोर, क्रॉकरी और जनरल हाउसवेयर स्टोर अथवा कंपलीट होम सॉल्यूशंस की तरह काम करने वाले होम टेक्सटाइल स्टोर के माध्यम से भी अप्लायंसेज़ की बिक्री बढ़ेगी!

एचजीएच इंडिया २०१९ के दौरान बोरोसिल, बालयेट्टी, कॉफ़ीवर्क्स, मेलिट्टा, हारियो, विनोद, स्काईलाइन, ब्रिलियंट, रॉक्स जैसे ब्रांड्स के अलावा कुछ चीनी निर्माताओं द्वारा भी किचन अप्लायंसेज़ की पूरी रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसकी वजह से यह इस श्रेणी में विविधतापूर्ण और कंप्रिहेंसिव सोर्सिंग फोरम बन जाएगा।


एडब्ल्यूके स्टीलवेयर्स


एलिमेंट्री


सुपरवेयर

**क्रॉकरी एंड डिनरवेयर:** एचजीएच इंडिया कई प्रमुख इंडियन और इंटरनेशनल ब्रांड्स के माध्यम से सिरेमिक, पोर्सलिन, बोन चीन और टेराकोटा से लेकर ओपल ग्लास, कोरले ग्लास और मेलामाइन में बने क्रॉकरी एवं डिनरवेयर की पूरी रेंज को उपलब्ध कराएगा। यहां वर्साचे (इटली), रोसेंथल (जर्मनी) और नॉरिटेक (जापान) जैसे बड़े-बड़े ब्रांड अपने इंडियन डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर, बीएपी क्रिएशंस के माध्यम से अपनी मौजूदगी दर्ज करेंगे। डंकोटुवो (श्रीलंका) राज एजेंसीज़, पुणे के ज़रिए अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करेगा।

क्ले क्राफ्ट, भारत पॉटरीज़, बीपी भारत, सोनाकी, फेदर टच, लेज़ारो, मेट्रो सिरेमिक्स जैसे जाने-माने इंडियन ब्रांड्स क्रॉकरी, मग और डिनरवेयर की अपनी नई रेंज का प्रदर्शन करेंगे।

कॉर्ले (यूएसए), विल्मैक्स (इंग्लैंड) और मोनो सिरेमिक्स (बांग्लादेश) जैसे जाने-माने इंटरनेशनल ब्रांड्स अपनी क्रॉकरी एवं डिनरवेयर रेंज के साथ उपस्थित होंगे जो मैटेरियल्स, डिजाइन और कीमतों के मामले में एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। विज़िटर्स चीन, तुर्की और अन्य देशों के नए प्रदर्शन को एचजीएच इंडिया में सीधे एक्ज़ीबिटर के तौर पर या पूरे भारत के अपने-अपने पार्टनर्स के माध्यम से अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन करते हुए देखेंगे।

बोरोसिल द्वारा अपने ब्रांड लारा के तहत ओपलवेयर में अपने नए कलेक्शन को प्रदर्शित किया जाएगा। मेलामाइन के क्षेत्र में सर्ववेल, सुपरवेयर, डाइनवेल, हार्मनी, इवो, व्हाइटगोल्ड, डाइनस्मार्ट जैसे मार्केट लीडर्स के साथ स्टेहलेन जैसी नई कंपनियों को मेलामाइन डिनरवेयर और टेबलवेयर में सबसे बेहतरीन इनोवेशन को प्रस्तुत करने के लिए जाना जाता है। एचजीएच इंडिया २०१९ में भी यह ट्रेंड जारी रहेगा।

जयपुर में हाल ही में लॉन्च किए गए ब्रांड, एलीमेंट्री की ओर से टेराकोटा, वुड, पैपियर माचे, सिरेमिक, ग्लास और मेटल के ब्लेंड के साथ इको-फ्रेंडली, हैंडवेयर कुकवेयर और डिनरवेयर के अनोखे रेंज को प्रस्तुत किया जाएगा।

### स्टेनलेस स्टील किचनवेयर एंड टेबलवेयर

बाजार में सिरॉमिक, मेलामाइन, ग्लास और वुड जैसे नए-नए मैटेरियल्स के प्रवेश के बावजूद भारतीय उपभोक्ताओं के बेहतर क्वालिटी वाले ब्रांडेड स्टेनलेस स्टील कटलरी, डिनरवेयर, सर्ववेयर, यूटेन्सिल्ज़


मेलिट्टा

# एचजीएच इंडिया २०१९: ७०० ब्रांड और निर्माताओं के स्रोत से उपलब्ध

और स्टोरेज सॉल्यूशंस की मांग लगातार बढ़ रही है। देश में ज्यादातर परिवार अन्य के बल, ड्युरेबिलिटी एवं रखरखाव में आसानी की वजह से स्टील को ख़ासतौर पर पसंद करते हैं।

आज भी स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स की मांग में लगभग १५% प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि जारी है। इसके अलावा, हाई-एंड कंज्यूमर्स अब स्टेनलेस स्टील प्रोडक्ट्स में बेहतर क्वालिटी, बेहतर डिजाइन तथा ब्रांड के अश्योरेंस की मांग कर रहे हैं।

एचजीएच इंडिया २०१९ में, क्रिस्को, एफ.एन.एस, ए.डब्ल्यू.के, विनोद, जगदंबा, भालारिया, किचन एसेंशियल्स, एस.एन.बी और रत्ना जैसे स्टेनलेस स्टील किचनवेयर एवं टेबलवेयर के कई ब्रांड अपने बेहतरीन क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स की नई रेंज को प्रदर्शित करेंगे।

**ग्लासवेयर:** भारत हर तरह के ग्लासवेयर और टेबलवेयर प्रोडक्ट्स के एक बड़े कंज्यूमर मार्केट के तौर पर उभरा है। यहां ब्रांडेड ग्लासवेयर की मांग प्रतिवर्ष १५-२०% के बीच बढ़ रही है। एचजीएच इंडिया में बोरोसिल लगातार आठवें वर्ष इंडियन ग्लासवेयर इंडस्ट्री का नेतृत्व करते हुए सर्विंग, कुकिंग और बेकिंग के लिए अपनी बोरोसिलिकेट ग्लासवेयर की रेंज के साथ उपस्थित होगा। इसके अलावा रॉक्स, डेको प्राइड, रिच क्राफ्ट इंटरनेशनल जैसे अन्य प्रमुख ब्रांड भी अपनी उपस्थिति को बरकरार रखेंगे।


डेवनाउ

इसके बावजूद, देश में इन प्रोडक्ट्स की मांग एक बड़े हिस्से की पूर्ति अभी भी इंपोर्ट के माध्यम से की जाती है, क्योंकि ३ - ४ बड़े निर्माताओं को छोड़कर ज्यादातर लोकल प्रोड्यूसर्स फिरोजाबाद जैसे केंद्रों में स्थित स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइजेज हैं। उनका प्रोडक्शन हैंडमेड एवं ट्रेडिशनल टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जिसकी वजह से क्वालिटी बरकरार नहीं रहती है और डिजाइन भी सीमित हो जाते हैं।

भारत में एस्पिरेशनल कंज्यूमर्स के बीच वॉटर ग्लास, जूस ग्लास, वाइन ग्लास, व्हिस्की ग्लास, कॉकटेल टम्बलर्स, जग्स, टी सेट, प्लैटर्स, सर्विंग बाउल जैसे विभिन्न प्रकार के लाइफ़स्टाइल प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा, तेजी से विकसित हो रहे मोबाइल कंज्यूमर्स के बीच फ्रूट बाउल्स, डिज़र्ट ग्लासेस, बाउल्स एवं प्लैटर्स जैसे डेकोरेटिव ग्लासवेयर की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी वजह से बड़े-बड़े रिटेलर के अलावा ग्लासवेयर के कई इंडियन ब्रांड्स भी जर्मनी, फ्रांस, इटली, बेल्जियम, ब्रिटेन, थाईलैंड, ईरान, यूएई और चीन आदि देशों से इंपोर्ट पर निर्भर हैं। एचजीएच इंडिया २०१९ में क्रिस्टल ग्लास और अन्य किस्मों की प्रीमियम रेंज की पेशकश करने वाले इंटरनेशनल ब्रांड्स में नैचमैन, आर.सी.आर, बोर्गोनोवो, लुइगी बोरमोली, डुरोबोर, विदिवी और लिब्बी शामिल होंगे।

इनमें से ज्यादातर ब्रांड्स अपने इंडियन डिस्ट्रीब्यूटर्स के ज़रिए मौजूद होंगे।

इसके अलावा, थाईलैंड और ल्यूमिनेर्क से लकी ग्लास एवं ओशन ग्लास जैसे जाने-माने इंटरनेशनल ब्रांड्स तथा यूएई में निर्माताओं करने वाले फ्रेंच ब्रांड की इंडियन मार्केट में मौजूदगी काफी बेहतर है। ये ब्रांड एचजीएच इंडिया २०१९ में अपने इंडियन डिस्ट्रीब्यूटर्स के माध्यम से अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करेंगे।

एचजीएच इंडिया में डेवनाउ, राज एजेंसीज़, द शाइनिंग टेबल, तनशा, ऑम इनोवेशंस, ईस्ट कोस्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स जैसे कई जाने-माने ग्लासवेयर डिस्ट्रिब्यूटर्स भी अपने प्रोडक्ट्स को प्रस्तुत करेंगे, जो अलग-अलग प्रकार की क्वालिटी एवं कीमतों के अनुरूप बाजार में कई यूरोपीय और एशियाई ब्रांड्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।


ऑल टाइम प्लास्टिक

**बॉटल्स एंड फ्लास्क:** भारतीय युवाओं के बीच गुड हेल्थ एवं हेल्दी ड्रिंकिंग हैबिट्स के बीच कनेक्शन को लेकर जागरूकता बढ़ी है तथा खासतौर पर इनकी लोकप्रियता काफी बढ़ गई है, जिसकी वजह से इस कैटेगरी में वैक्यूम फ्लास्क, बॉटल्स, कोल्ड एंड हॉट बेवरेजेस और वॉटर स्टोरेज के अलग-अलग किस्मों की मांग २५-३०% प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है।

प्लास्टिकवेयर, कुकवेयर, स्टोरेज, स्टेनलेस स्टील, फूड स्टोरेज, ग्लासवेयर की कैटेगरी में कई प्रमुख ब्रांड्स एवं इंपोर्टर्स ने वैक्यूम तथा रेग्युलर, दोनों रेंज में बॉटल्स और फ्लास्क की वाइड रेंज को प्रस्तुत किया है।

एचजीएच इंडिया २०१९ में सीधे तौर पर या इंडियन डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स के माध्यम से अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित करने वाले कुछ प्रमुख ब्रांड्स में प्रोबॉट, थर्मोस, कैमल, हैयर्स, डब्लिन, ज़ोजिरुशी, स्टीलो, एटलसवेयर, बोरोसिल, विनोद, मास्टर कूल, पॉलीसेट, एशियन, इत्यादि शामिल हैं। तुर्की के प्रदर्शक इस सेक्शन में बेहतर रेंज का प्रदर्शन करेंगे।

१६ से अधिक चीनी निर्माताओं भी वैक्यूम फ्लास्क, वॉटर बॉटल्स, सिपर्स, वैक्यूम कप, स्पोर्ट्स बॉटल्स, झेजियांग हॉक्स, झेजियांग कुआंगडी, योंगकांग दुली, योंगकेंग जियानयेंग मेटल्स, झेजियांग हुआंग में वाइड वैरायटी को पेश करेंगे।

**प्लास्टिक एंड स्टोरेज:** भारत में प्लास्टिक किचन स्टोरेज, फूड स्टोरेज एवं टिफिन कैरियर, बॉटल्स, किचनवेयर, डस्टबिन, स्मॉल फर्नीचर, हाउसहोल्ड एक्सेसरीज, क्लीनिंग एंड मेंटेनेंस प्रोडक्ट्स तथा जनरल हाउसवेयर का बाजार २०-२५% प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। बेहतरीन क्वालिटी, अच्छी डिजाइन एवं ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की मांग भी बढ़ रही है, जिसकी वजह से निर्माताओं एवं ब्रांड्स डिजाइन एवं स्टाइल्स में इनोवेशन की ओर बढ़ रहे हैं। इस संकेत को समझते हुए एचजीएच इंडिया २०१९ में इस कैटेगरी में पहली बार पॉलीसैट, रतन, सिग्नेरावेयर, टूवेयर, मेनेट्टी और पिनेकल जैसे प्रमुख ब्रांड्स की एंट्री होगी।

एशियन प्लास्ट, प्लास्ट, मास्टर कुक, इग्लू, बेल कासा, एस.के.आई प्लास्टोवेयर, जेपी प्लास्ट, ज्योति प्लास्टिक्स जैसे रेग्युलर प्रदर्शक भी इस बार कैसरोल, हाउसहोल्ड स्टोरेज, किचन वेयर, फ्लास्क, बॉटल्स, फूड कैरियर्स, आइस बॉक्स, रेफ्रिजरेटर एसेसरीज तथा रोज़मर्रा की घरेलू ज़रूरतों के लिए विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक प्रोडक्ट्स में कई इनोवेशन के साथ मौजूद होंगे।

तुर्की के प्रमुख निर्माताओं एवं एक्सपोर्टर्स एचजीएच इंडिया-२०१९ में क़ल्क्स (लुक्स प्लास्टिक्क्स), हियरविन (सोलमाज़र), रेंगा (मेकेन्लर) जैसे अपने वेल-इस्टैबलिश्ड


पाइरेक्स


पिनेकल

ब्रांड्स के ज़रिए प्रीमियम प्लास्टिक स्टोरेज, टेबलवेयर, किचनवेयर तथा जनरल हाउसवेयर रेंज में इनोवेशन एवं प्रोडक्ट्स की बिल्कुल नई रेंज के साथ फिर से वापस आए हैं। दुनिया भर में मशहूर इटैलियन ब्रांड, मेनेट्टी द्वारा भी कई तरह के फूड कैरियर एवं किचन स्टोरेज और हाउसहोल्ड ऑर्गेनाइजर्स को लॉन्च किया जाएगा।

चीन के जिन्हुआ सिट्रीनोवा और वेनचाउ चेंगयु जैसे प्रदर्शक भी मोप्स, डस्टबिन, ब्रूम्स जैसे क्लीनिंग एवं मेंटेनंस प्रोडक्ट्स को प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा, अन्य चीनी कंपनियां भी प्लास्टिकवेयर की अपनी पूरी रेंज को पेश करेंगी। इसलिए, विज़िटर्स हॉल ३ में मौजूद इस सेगमेंट से रिटेलिंग, इंस्टीट्यूशनल बाइंग, एवं कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के साथ-साथ प्रमोशनल आइटम्स के लिए इंडियन एवं इंटरनेशनल प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज प्राप्त कर सकते हैं।

**जनरल हाउसवेयर:** जनरल हाउसवेयर की श्रेणी काफी बड़ी है, जिसमें स्टोरेज बॉक्स, लॉन्ड्री बैग्स, ट्रैवल गुड्स, लंच बॉक्स के

मेनेट्टी, नवकार उद्योग, सिनर्जी एंड वासवी, जॉन्स अम्ब्रेला, लुडलो जूट मिल्स, स्टाइको बैग्स तथा पांच अन्य चीनी कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन करेंगी।

कुछ रोमांचक प्रोडक्ट्स में इटालियन ब्रांड मेनेट्टी की ओर से हैंगर्स, चीनी के पिंगु चुनली एक्सपोर्ट एंड इंपोर्ट एवं झेजियांग न्यूकमर बैग्स मार्केटिंग कंपनी की ओर से लगेज और ट्रैवल गुड्स, जॉन्स अम्ब्रेला की ओर से फैशन यूटिलिटी एवं गिफ्ट अंब्रेलाज़ की वाइड रेंज, लुडलो जूट मिल्स और कोलकाता के हाइटिश की ओर से जूट एवं जूट ब्लेंडेड शॉपिंग बैग्स, स्टाइको बैग्स की ओर से टिफिन कैरियर बैग, तथा नवकार उद्योग की ओर से स्टेप लैडर्स, क्लॉथ ड्रायर्स एवं आयरनिंग बोर्ड और सिनर्जी की ओर से ब्रूम्स एवं मॉप्स, ब्रश, हाउसहोल्ड ऑर्गेनाइजर्स इत्यादि शामिल हैं।

कुल मिलाकर देखा जाए तो, एचजीएच इंडिया २०१९ में हाउसवेयर सेक्शन पहले की तुलना में ३०% ज़्यादा बड़ा हो गया है, जो



दी शाइनिंग टेबल



डोजो



पिंगु चुनलेई

लिए बैग्स, हैंगर, आयरनिंग बोर्ड, लैडर्स, क्लॉथ ड्रायर, बार एक्सेसरीज, टेबल डेकोरेशन, ब्रूम्स एवं मॉप्स, ब्रश, हाउसहोल्ड ऑर्गेनाइजर्स, क्लॉथ स्टैंड, शू-रैक, अंब्रेला, शॉपिंग बैग्स, ट्रॉलियाँ, बीन बैग्स, इत्यादि शामिल हैं।

एचजीएच इंडिया २०१९ के दौरान हॉल ३ में ऊपर बताए गए प्रोडक्ट्स में इनोवेशंस की एक विशाल श्रृंखला को प्रस्तुत किया जाएगा।

पहले की तुलना में अधिक वाइड रेंज को प्रस्तुत करता है। इस श्रेणी में सभी प्रमुख इंटरनेशनल एवं नेशनल ब्रांड्स की मौजूदगी से रिटेलर्स और इंस्टीट्यूशनल बायर्स को सोर्सिंग का अद्वितीय अवसर प्राप्त हुआ है। रीजनल एवं नेशनल डिसटीब्यूटर्स भी अपने पोर्टफोलियो में अधिक प्रोडक्ट लाइंस और ब्रांड्स को जोड़कर अपने कारोबार के दायरे को बढ़ा सकते हैं।

## विज़िटर प्री-रजिस्ट्रेशन में बढ़ोतरी

पिछले साल की तुलना में, इस साल एचजीएच इंडिया २०१९ के लिए विज़िटर प्री-रजिस्ट्रेशन में एक बड़ा उछाल देखने को मिला है, जो इस ट्रेड शो में आने वाले रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, होलसेलर्स, एजेंटों, इंस्टीट्यूशनल बायर्स, डिजाइनर्स एवं आर्किटेक्ट्स के साथ-साथ इंटरनेशनल बायर्स की बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाता है। उनका उद्देश्य वर्ष २०१९/२० के लिए ट्रेंड्स का पता लगाना, प्रोडक्ट इनोवेशंस की स्टडी करना, सोर्सिंग करना तथा अपने मौजूदा एवं



*एचजीएच इंडिया २०१८ का विज़िटर रजिस्ट्रेशन एरिया*

नए सप्लायर्स से मुलाकात करना है।

अप्रैल के अंत तक, भारत के सभी राज्यों और यूनियन टेरिटरीज़ के ५०० से अधिक शहरों और कस्बों से विज़िटर्स ने एचजीएच इंडिया के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। दिलचस्प बात यह है कि, दिल्ली, लुधियाना, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे मेट्रो एवं लार्ज सिटीज़ के बड़े-बड़े रिटेलर्स के अलावा, सभी राज्यों की राजधानियों तथा टीयर २ और टीयर ३ शहरों एवं कस्बों से भी रिटेलर्स ने बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन कराया है, जो स्पष्ट तौर पर पूरे देश के बाजारों के विकास तथा एचजीएच इंडिया के दायरे के विस्तार को दर्शाता है।

इस साल होम टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हाउसवेयर्स एवं गिफ्ट्स के सेगमेंट में इंडियन प्रोडक्ट्स की सोर्सिंग की इच्छा रखने वाले चीन, हांगकांग, कोरिया, मलेशिया, म्यांमार, थाईलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश, फिलीपींस, नेपाल, मिस्र, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, पनामा, ओमान, बहरीन, यूएई एवं सऊदी अरब जैसे देशों से इंटरनेशनल विज़िटर प्री-रजिस्ट्रेशन में बढ़ोतरी हुई है, जो बिल्कुल नया ट्रेंड है।

एचजीएच इंडिया २०१९ में आने की इच्छा रखने वाले सभी विज़िटर्स, चाहे वह पहले भी शो में शामिल हो चुके हों अथवा पहली बार आने वाले हों, को ₹१०००/- के स्पॉट रजिस्ट्रेशन चार्जेज़ की बचत करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। दोनों तरह के विज़िटर २० जून, २०१९ तक मुफ्त रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रेग्युलर विज़िटर स्कोर केवल लिंक पर क्लिक करते हुए अपने डेटा को वैलिडेट करना होगा और फिर इस साल की विज़िट के लिए रजिस्टर करना होगा। नए विज़िटर्स को पहली बार फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

ट्रेड विज़िटर्स के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन की तारीख़ को २० जून, २०१९ से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा, तथा इसके बाद उन्हें वेन्यू पर स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए ₹१०००/- का भुगतान करना होगा, भले ही उनके पास ऑर्गेनाइजर्स या प्रदर्शक की ओर से भेजा गया इन्विटेशन कार्ड मौजूद हो। आप ट्रेड शो के वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### विशेष लाभ का आनंद लें

- एचजीएच इंडिया में फ्री एंट्री पाएं
- प्री-रजिस्टर्ड विज़िटर के रूप में वेन्यू पर अपना बैज पाने के लिए समय बचाएं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद आपको भेजे गए प्री-रजिस्ट्रेशन क्यूआर कोड की मदद से आप अपना बैज प्रिंट कर सकते हैं
- एचजीएच इंडिया २०१९ कैटलॉग की एक फ्री कॉपी प्राप्त करें (उपलब्धता के आधार पर)
- बोनाफाइड विज़िटर्स के लिए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर एचजीएच इंडिया के कंप्लीमेंट्री हॉट लाउंज, फ्रूट लाउंज, आइसक्रीम लाउंज, पॉप कॉर्न लाउंज, फुट स्पा लाउंज और शटल बस सर्विस एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं